SOF OLYMPIADS

CLASS 6

SAMPLE PAPER 2025-26

अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

IHO

SOF INTERNATIONAL HINDI OLYMPIAD

कुल प्रश्न : 50 | समय : 1 घंटा

पैटर्न तथा अंक योजना			
खंड	(1) शब्द और व्याकरण बोध	(2) रचनात्मक बोध	(3) मेधावी खंड
प्रश्नों की संख्या	35	10	5
अंक प्रति प्रश्न	1	1	3

पाठ्यक्रम

खंड-1: भाषा-विचार, वर्ण-विचार, शब्द एवं वाक्य, संधि एवं समास, शब्द-भंडार, उपसर्ग एवं प्रत्यय, संज्ञा, सर्वनाम एवं विशेषण, काल, क्रिया एवं कारक, लिंग एवं वचन, अविकारी शब्द, अशुद्धि संशोधन एवं विराम-चिह्न, गिनती एवं महीनों के नाम, भारतीय साहित्य एवं संस्कृति

खंड-2: अपठित गद्यांश, अपठित पद्यांश, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

खंड-3: उच्चतर क्रम सोच कौशल आधारित प्रश्न– खंड 1 और 2 के पाठ्यक्रम के अनुसार

शब्द और व्याकरण बोध

1. श, ष, स और ह के समूह को ________ व्यंजन कहा जाता है।

(क) अंत:स्थ (ख) ऊष्म

(ग) संयुक्त (घ) स्पर्श

2. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अविकारी नहीं है?

(क) क्रियाविशेषण (ख) विशेषण

(ग) संबंधबोधक (घ) विस्मयादिबोधक

3. 'कठपुतली' ________ समास का उदाहरण है।

(क) अव्ययीभाव (ख) कर्मधारय

(ग) तत्पुरुष (घ) द्विगु

4. निम्नलिखित में से उद्धरण चिह्न कौन-सा है?

(क) :- (ख) –

(ग) ? (घ) "——"

5. नीचे दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द सदैव एकवचन में प्रयोग किया जाता है?

(क) सोना (ख) हस्ताक्षर

(ग) प्राण (घ) दर्शन

6. दिए गए वाक्यांश के लिए उचित एक शब्द का चयन कीजिए–

'जो मीठा बोलता हो'

(क) मृदुभाषी (ख) वाचाल (ग) मितभाषी (घ) बहुभाषी

रचनात्मक बोध

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 7 और 8 के उत्तर दीजिए–

भारत एक विशाल देश है जो विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों का घर है। यह अपनी विविधता के लिए जाना जाता है। इसका इतिहास बहुत विस्तृत है और इसमें कई महत्वपूर्ण घटनाएँ हुई हैं। इसके इतिहास में कुछ ऐसी घटनाएँ हुई हैं, जो दुनिया भर में अपनी महत्ता के लिए जानी जाती हैं लेकिन भारत की आज़ादी का महत्व सर्वाधिक है। आज़ादी के बल पर ही देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

7. भारत किस विशेषता के लिए जाना जाता है?

(क) विविधता के लिए
(ख) एकता के लिए
(ग) धर्म के लिए
(घ) संस्कृति के लिए

8. भारत किस पथ पर बढ़ रहा है?

(क) आज़ादी के
(ख) विकास के
(ग) इतिहास के
(घ) युद्ध के

मेधावी खंड

9. निम्नलिखित तथ्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) पत्र लिखना भाषा का मौखिक रूप है।
(ब) भाषण देना भाषा का मौखिक रूप है।
(स) पुस्तक लिखना भाषा का लिखित रूप है।

(क) (अ) तथा (ब) दोनों सही हैं।
(ख) (ब) तथा (स) दोनों सही हैं।
(ग) (अ) तथा (स) दोनों सही हैं।
(घ) (अ), (ब) तथा (स) तीनों सही हैं।

10. राज्यों तथा उनसे संबंधित भाषाओं के मिलान के उचित विकल्प का चयन कीजिए–

	राज्य		**भाषा**
(अ)	गोवा	(i)	तमिल
(ब)	महाराष्ट्र	(ii)	कोंकणी
(स)	तमिलनाडु	(iii)	मलयालम
(द)	केरल	(iv)	मराठी

(क) (अ)-(iv), (ब)-(i), (स)-(ii), (द)-(iii)
(ख) (अ)-(ii), (ब)-(iv), (स)-(i), (द)-(iii)
(ग) (अ)-(ii), (ब)-(iv), (स)-(iii), (द)-(i)
(घ) (अ)-(iv), (ब)-(ii), (स)-(i), (द)-(iii)

उत्तर कुंजी

1. (ख) 2. (ख) 3. (ग) 4. (घ) 5. (क) 6. (क) 7. (क) 8. (ख) 9. (ख) 10. (ख)